... सिर्फ सच का साथ

जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 11 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 167 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद के हरीश राणा को इच्छामृत्यु की अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी है। यह फैसला पिछले 13 साल कोमा में रह रहे एक शख्स के लिए आया है। गाजियाबाद के रहने वाले 32 साल के हरीश राणा की जिंदगी सिर्फ मशीनों और ट्यूबों के सहारे चल रही थी, लेकिन अब कोर्ट ने उनके पिता की गुहार पर जीवन-रक्षक इलाज (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) हटाने की इजाजत दे दी। यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित है, जिसमें 'गरिमा के साथ मरने का मौलिक अधिकार' को मान्यता दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह पहला मौका है जब इन दिशानिर्देशों को असल में लागू किया गया है। हरीश राणा कभी एक तेज-तर्रार, पढ़ाई-लिखाई में अच्छा युवक था। 2013 में चंडीगढ़ में अपनी पेइंग गेस्ट हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उसकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

छत्तीसगढ़ में 108 नक्सलियों का सरेंडर, सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता

छत्तीसगढ़। नक्सल विरोधी अभियान के अंतिम चरण में सुरक्षा बलों को बड़ी उपलब्धि मिली है। आज बुधवार को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में 108 नक्सलियों ने एक साथ आत्मसमर्पण कर दिया। सरकार द्वारा इन पर कुल 3.95 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसे देखते हुए यह हाल के वर्षों का सबसे बड़ा सामूहिक नक्सली सरेंडर माना जा रहा है. इसके साथ ही समर्पित माओवादियों की निशानदेही में अब तक के सबसे बड़े माओवादी डंप की रिकवरी की गई है, इस डंप को भी आज समर्पण के दौरान पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बीजापुर से 37, नारायणपुर से 4, बस्तर से 16, कांकेर से 3, सुकमा से 18, दंतेवाड़ा से 30 नक्सली आत्मसमर्पण किए हैं। इनमें से 22 नक्सलियों पर 8-8 लाख, 31 पर 5 लाख, 1 पर 3 लाख, 9 पर 2-2 लाख और 43 नक्सलियों पर 1-1 लाख रुपए का इनाम था.

शाहजहांपुर में बस-कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत, तीन घायल

शाहजहांपुर। बीसलपुर बेबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरेली डिपो की बस ने बुधवार सुबह अर्टिगा कार में टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बस सुबह करीब साढ़े सात बजे फर्रुखाबाद की ओर से आ रही थी। अल्हागंज में सुगसुगी पुलिया के पास हादसा हो गया। हादसे का इल्जाम सुबह छाई धुंध को दिया जा रहा है। माना जा रहा कि धुंध के चलते बस वाले को कार और कार वाले को बस दिखायी नहीं दी। जिसके परिणामस्वरूप यह दुर्घटना सामने आयी।

'इंडिया ब्लॉक' चुनाव आयुक्त के खिलाफ लाएगा अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली। विपक्षी दल 'इंडिया ब्लॉक' गुरुवार को संसद में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। सूत्रों ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। यह अपनी तरह का पहला कदम है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में प्रस्ताव पेश करने पर विचार कर रहा है। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि प्रस्ताव एक सदन में पेश किया जाएगा या दोनों सदनों में। इस मामले पर आज शाम तक फैसला होने की उम्मीद है, जिसके बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से नोटिस दाखिल किया जाएगा।

विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता

सदन में राहुल ने लगाया आरोप, पीएम को बताया कॉम्प्रोमाइज्ड

● रविशंकर प्रसाद ने किया प्रधानमंत्री का बचाव

● कहा-मोदी का भारत कभी कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा

नई दिल्ली। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से कॉम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। संसद में बोलते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यहां चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अध्यक्ष की भूमिका के बारे में है। कई बार मेरा नाम लिया गया है और मेरे बारे में बेबुनियाद बातें कही गई हैं। यह सदन भारत की जनता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि यह किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। हर बार जब हम बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो हमें बोलने से रोक दिया जाता है। पिछली बार जब मैंने बोला था, तो मैंने हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किए गए समझौतों के बारे में एक बुनियादी सवाल उठाया था। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे कई बार बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया। हमारे प्रधानमंत्री की छवि खराब हो चुकी है, और यह बात सभी जानते हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा- नेवर...नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज का आज तीसरा दिन है। लोकसभा में स्पीकर के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा जारी है।

नोज व्हील में दिक्कत से एअर इंडिया विमान की हार्ड लैंडिंग

नई दिल्ली। हैदराबाद से थाईलैंड के फुकेट जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की फुकेट एयरपोर्ट पर हार्ड लैंडिंग हुई है। ये हार्ड लैंडिंग नोज-व्हील में दिक्कत आने के बाद हुई। एयरलाइन ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद अधिकारियों ने फुकेट एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिया, क्योंकि एयरक्राफ्ट रनवे पर फंस गया है। बोइंग 737-Max8 एयरक्राफ्ट में कितने पैसेंजर थे, इसका तुरंत पता नहीं चल पाया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा, 'हम पुष्टि करते हैं कि 11 मार्च को हमारी हैदराबाद-फुकेट फ्लाइट में फुकेट एयरपोर्ट पर नोज व्हील में दिक्कत आ गई थी।

देशभर में एलपीजी का संकट गहराया

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में थ्ज्ञ्उ की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है। वहीं घरेलू रसोई गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी है। जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है।

एजेंसियों में स्टॉक खत्म

चंडीगढ़। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान के साथ युद्ध जैसी स्थिति का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से चंडीगढ़ में कॉमर्शियल गैस सिलिंडरों की सप्लाई प्रभावित हो गई है। गैस प्लांट से सीमित आपूर्ति आने के कारण शहर के होटल, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों में संकट की स्थिति बन गई है। होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों का कहना है कि उनके पास करीब 72 घंटे का कोटा है।

● एजेंसी के बाहर लंबी लाइन, पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर राजस्थान में कालाबाजारी

ईरान का इजराइल पर बड़ा हमला

● अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तर और डेटा सेंटर्स भी निशाने पर

अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलों से अटैक

तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 12वां दिन है। ईरान ने दावा किया है कि उसने इजराइल के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने इजराइल और मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। ईरानी मीडिया की एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बना सकता है। संभावित टारगेट की सूची में गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, IBM और ओरेकल जैसी कंपनियों के नाम बताए गए हैं। इजराइल, दुबई और अबू धाबी में मौजूद इन कंपनियों के ऑफिस और डेटा सेंटर भी निशाने पर हो सकते हैं। इस बीच UNSC आज एक प्रस्ताव पर वोटिंग करने वाली है। इसमें ईरान से कहा गया है कि वो बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, UAE और जॉर्डन पर हमले बंद करे। इस युद्ध में अब तक 140 अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जबकि 7 सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। उधर ईरान का कहना है कि उसके देश में हुए हमलों में करीब 8000 घरों को नुकसान पहुंचा है और 1300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र (UN) में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी के मुताबिक देश में करीब 9600 सिविलियन इलाकों को निशाना बनाया गया। इनमें घरों के अलावा बाजार, अस्पताल, मेडिसिन सेंटर्स और स्कूल भी शामिल हैं। इस बीच ईरान ने यह भी दावा किया है कि उसने इजराइल के कई शहरों पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरान के मुताबिक हाइफा, यरुशलम और तेल अवीव को निशाना बनाया गया।

ईरान के सरप्राइज अटैक से ट्रंप भौचक

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकारों की रणनीतिक गणना विफल साबित हुई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान के पलटवार और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ने वाले इसके असर को बेहद कम करके आंका था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकारों ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद होने वाली प्रतिक्रिया का गलत अनुमान लगाया।

पश्चिम एशिया में तनाव से बाजार पर दबाव सेंसेक्स 976 अंक टूटा, निफ्टी 24000 के नीचे

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी के बीच एक दिन की राहत के बाद बुधवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। ब्लू-चिप बैंक शेयरों में बिकवाली के कारण भी बाजार में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4 पैसे गिरकर 91.89 पर आ गया। सेंसेक्स 11:50 तक 975.74 अंक या 1.25 प्रतिशत टूटकर 77,230.24 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 267.75 अंक या 1.10 प्रतिशत गिरकर 23,993.85 अंक पर आ गया।

सर्राफा बाजार में भी दिखी गिरावट

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट के साथ कारोबार शुरू हुआ। चांदी की कीमत 1560 रुपये गिरकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 560 रुपये गिरकर 1.63 लाख पर पहुंचा।



लैंगिक भेदभाव और यौन उत्पीड़न के विरुद्ध रैली नागेपुर में रैली निकालती महिलाएं

छाया : जनमुख डेस्क

एक और BLO की बलि

SIR : बीमारी से जूझते असगर अली ने इलाज के अभाव में तोड़ा दम

● पीलिया से पीड़ित बीएलओ को अफसरों ने नहीं दी छुट्टी

प्रतीकात्मक चित्र

वाराणसी। वाराणसी के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की ड्यूटी में तैनात बीएलओ की बुधवार सुबह बीमारी के चलते मौत हो गई। इलाज के अभाव में उसने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। बीमार होने के बावजूद अफसर उसे एसआईआर के काम में लगाए रहे। चौबेपुर थाना क्षेत्र के कौवापुर गांव निवासी बीएलओ शेख मुहम्मद अजगर अली ने कई बार छुट्टी और इलाज की गुहार लगाई लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। परिजनों ने जब स्थानीय डॉक्टर को दिखाया तो उसने ज्वाइंडिस (पीलिया) का संक्रमण बताते हुए तत्काल भर्ती करने की बात कही। BLO शेख मुहम्मद बीमारी के बाद अफसरों से छुट्टी मांगता रहा लेकिन सभी ने उसकी बात को बहाना बताकर टाल दिया। सुपरवाइजर ने उसे एसआईआर खत्म होने और मतदाता सूची प्रकाशन के बाद अवकाश का वादा किया। उधर, बेहतर इलाज के अभाव में उसने बुधवार को दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी की अलावा तीन लड़के हैं, परिवार में कोहराम मचा है। अफसरों की इस संगदिली को लेकर एसआईआर कर्मियों में रोष देखा जा रहा है।

ऐसे तो रोपवे शो-पीस बनकर रह जाएगा

● व्यापारियों ने की किराया कम करने की मांग

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राकेश जैन और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश चौरसिया महामंत्री राम भरत ओझा ने एक विज्ञप्ति में काशी में बन रहे रोपवे के किराए को कम करने की मांग की है। व्यापारी नेता राकेश जैन ने कहा की रोपवे जनसाधारण के लिए बनाया गया है जिसका उद्देश्य काशी में आने वाले तीर्थ यात्री और काशी की जनता को अपार सुविधा देना है। अतः रोपवे का किराया ऑटो और टोटो वालों से कम होना चाहिए तभी रोपवे कामयाब हो पाएगा। अगर इसका किराया कम नहीं होता है तो यह रोपवे सिर्फ शोभा की वस्तु बन जाएगी इस अवसर पर विनोद अग्रवाल अनिल सेठ, बाबू खान पूनम मिश्रा इत्यादि प्रमुख लोग मौजूद थे।

इनरव्हील क्लब ग्रेटर ने निकाली चेयरमैन आधिकारिक यात्रा

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर द्वारा आयोजित 'प्रयुक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को एक चेयरमैन आधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण, वर्तमान टीम, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर धारिणी गुप्ता, मीनाक्षी अग्रवाल, पूर्व पीडीसी एवं चार्टर अध्यक्ष नीता बजाज द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में इनरव्हील प्रार्थना का वाचन पूर्व अध्यक्ष काशिका श्रीवास्तव, प्रतिमा जैन, बिंदु अग्रवाल, इंदु कुशवाहा एवं शालिनी रस्तोगी द्वारा किया गया। एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कोचिंग संचालक पर छेड़खानी का आरोप

वाराणसी। वाराणसी के लालपुर-पांडेयपुर थाने में एक छात्रा ने कोचिंग संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि कोचिंग संचालक अमित कुमार के यहां वो पढ़ने जाती थी। इस दौरान वह उससे पहले छेड़छाड़ और फिर जबरदस्ती करने लगा। इस दौरान मार-पीटकर मेरी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। मैंने वहां पढ़ाई छोड़ी तो अब वह मेरी गंदी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है और रास्ते में रोककर मारपीट कर रहा है।

सरकारी दावों के बावजूद एलपीजी को लेकर गहराया संकट

● गैस एजेंसियों पर बुकिंग और डिलीवरी को लेकर चिख-चिख

● मांगलिक आयोजनों में कोयले के चूल्हे पर पक रहा है खाना

वाराणसी। 'रसोई गैस की कहीं कोई कमी नहीं, किसी कीमत पर आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी, हर उपभोक्ता को समय पर एलपीजी उपलब्ध करायी जाएगी' जैसे सरकारी दावों के बावजूद हकीकत यह कि मिडिल ईस्ट वार का असर अब किचन तक पहुंचने लगा है। एक तरफ जहां जिले में व्यावसायिक और घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडरों की आपूर्ति बाधित होने लगी है। वहीं सिलिंडर मिलने का समय बढ़ गया है। इससे करीब एक लाख से अधिक उपभोक्ता परेशान हो गए हैं। यदि हालात यही रहे तो अगले बीस दिनों में यह आंकड़ा आठ लाख पार कर जाएगा। जिले में आठ लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। गैस एजेंसियों पर बुकिंग और डिलीवरी को लेकर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक की स्थिति बन रही है। सहालग का समय है। रोजाना औसतन 100 से अधिक शादियां हो रही हैं। ऐसे में व्यावसायिक सिलिंडरों की कमी ने कैटरर्स और हलवाइयों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिन परिवारों में शादी समारोह हैं, वे सिलिंडर की तलाश में भटक रहे हैं।

14 मार्च के बाद शुरू हो जाएगा खरमास

वाराणसी। सूर्य देव एक बार फिर अपनी चाल बदलकर 14 मार्च को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद खरमास शुरू हो जाएगा। खरमास के 31 दिनों में देवी का प्रभाव दिखेगा। लोग 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र में विवाह छोड़ अन्य मांगलिक कार्य कर सकते हैं। बाकी 22 दिनों तक मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। गृह प्रवेश, अन्नप्रासन, शादियां आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। हालांकि, 14 अप्रैल के बाद मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे जो तीन माह से ज्यादा समय तक होंगे।

कुओं की सफाई के लिए 31 मार्च तक की मोहलत

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पेयजल आपूर्ति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने शहर के सभी 541 कुओं की सफाई और सुंदरीकरण का कार्य हर हाल में 31 मार्च तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया। अब तक जिन 162 कुओं की सफाई हो चुकी है। वहीं 140 कुओं की सफाई चल रही है । शेष 340 कुओं की सफाई के लिए भी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को सख्त हिदायत दी कि सभी ट्यूबवेल और पंपिंग स्टेशनों की तकनीकी जांच हो जानी चाहिए। ऐन वक्त पर कोई मोटर या पंप जवाब न दे। राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शहर में प्याऊ और वाटर कूलरों की संख्या में भी विस्तार किया जा रहा है। वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाकर 28 करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों का चयन किया जा रहा है।

आरटीई तीसरे चरण के आवेदन की अंतिम तिथि 25 मार्च, 1300 स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

● चयन के लिए ऑनलाइन लॉटरी 27 मार्च को निकाली जाएगी

वाराणसी। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई)-2009 के अंतर्गत निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी ने अभिभावकों से तीसरे चरण में अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की है। बीएसए कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तृतीय चरण के लिए 12 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इसी अवधि में आवेदनों का सत्यापन एवं लॉक करने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी, जबकि चयन के लिए ऑनलाइन लॉटरी 27 मार्च को निकाली जाएगी। अधिकारियों के अनुसार जिले में अब तक आरटीई के दो चरणों की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वाराणसी के बच्चों ने दिखाया अपना दम

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। लखनऊ के दयाल गेटवे ऑडिटोरियम में प्रगति 2.0 एवं बाल उत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संदीप सिंह रहे। इस अवसर पर महानिदेशक मोनिका रानी, बालिका शिक्षा के प्रमुख मुकेश सिंह, अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, तथा यूनिसेफ इंडिया के चीफ जकरिया एडम सहित विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें अतिथियों ने खूब सराहा।

पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 14-15 मार्च को

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा 14-15 मार्च को आयोजित होने वाली पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा की अध्यक्षता में जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं सह केंद्र व्यवस्थापकों की आवश्यक ब्रीफिंग मंगलवार को यातायात पुलिस लाइन सभागार में हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सेक्टर एवं स्टैटिक मैजिस्ट्रेटो को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान वे प्रत्येक दशा में अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहे। इसमें ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

सूबे में शराब बंद होना चाहिए

● यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाएं उतरीं सड़क पर

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और यौन उत्पीड़न के खिलाफ हजारों ग्रामीण महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। आक्रोशित महिलाओं ने उत्तर प्रदेश में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जोरदार मांग उठाई। घरेलू कामगार महिला स्वयं सहायता समूह, किशोरी संगठन, लोक समिति, दिहाड़ी मजदूर संगठन और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिला महापंचायत में आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लॉक के करीब 80 गांवों से लगभग तीन हजार महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों, तख्तियों और बैनरों के साथ राजातालाब बाजार से तहसील तक जनआक्रोश रैली निकाली। हजारों महिलाओं के प्रदर्शन से जीटी रोड पर जाम की स्थिति बन गई।

छेड़खानी से आजीज छात्रा ने छोड़ा स्कूल

वाराणसी। वाराणसी में छेड़खानी और जबरन शादी के दबाव से तंग आकर 11वीं की एक छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक छात्रा पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और इनकार करने पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा था। यह घटना लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मऊ समाचार

रसोई तक पहुंची युद्ध की आंच... घरेलू गैस सिलिंडर की मांग दोगुनी हुई, कॉमर्शियल की आपूर्ति बंद

मऊ। ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच उड़ रही अफवाहों के चलते एलपीजी गैस सिलिंडर की मांग बढ़ गई है। सामान्य दिनों की अपेक्षा सिलिंडर की मांग दोगुनी हो गई है। इसकी जगह आपूर्ति आधी रह गई है। कामर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति बंद हो गई है। ग्रामीण इलाकों में तो बुकिंग के चार-पांच दिन बाद भी गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। गैस एजेंसियों के पास भी मांग के अनुरूप 50 फीसदी तक आपूर्ति होने और कॉमर्शियल सिलिंडर पर रोक लगने से यह स्थिति ओर बदतर हो चुकी है। पूर्ति विभाग मांग के अनुसार एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध होने का दावा कर रहा है। ईरान में चल रहे युद्ध के चलते डीजल-पेट्रोल और एलपीजी गैस की कमी की अफवाहें उड़ रही हैं। सोमवार को टीम ने इस मामले की पड़ताल की, इसके तहत टीम दशई पोखरा स्थित गैस एजेंसी पर सुबह साढ़े 11 बजे पहुंची। यहां ग्राहकों की लंबी कतारें दिखी, यहीं स्थित मुंशीपुरा स्थित गैस एजेंसी पर दिखा। एजेंसी संचालकों के अनुसार पहले एक दिन में सामान्य रूप से 400 के आसपास सिलिंडरों की मांग रहती थी, वहीं पिछले चार पांच दिनों से मांग बढ़कर एक हजार तक पहुंच गई है।

सुल्तानपुर समाचार

तौल मशीन में उतरे करेंट से मजदूर की मौत

सुल्तानपुर। धनपतगंज के पीरोकला मजरे बिछौरा निवासी मजदूर विपिन कुमार तिवारी (22) मंगलवार सुबह लोहे की दुकान पर सरिया की तौल मशीन में उतरे करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने गांव में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों के अनुसार विपिन कुमार तिवारी मजदूरी करते थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह एक सरिया की दुकान पर लगी इलेक्ट्रिक तौल मशीन पर सरिया की तौल करा रहे थे। इसी बीच तौल मशीन में उतरे करेंट की चपेट में आने से वह झुलस गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। वहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विपिन कुमार अविवाहित थे। उनकी मौत से परिवार में चीख-पुकार मची है।

भदोही समाचार

प्रधान के आवास पर जले मजदूर की उपचार के दौरान मौत

ज्ञानपुर। पीपर गांव में प्रधान के आवास पर सोमवार की सुबह हैंडपंप का पाइप लेने गए मजदूर जैसलाल सरोज संदिग्ध परिस्थिति में जल गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में उसकी मौत हो गई। मजदूर और प्रधान के बीच किसी बात के लिए कहासुनी हुई थी। आरोप है कि प्रधान के बेटे ने मजदूर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। मजदूर की मौत के बाद अब ग्राम प्रधान के बेटे की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पुलिस ने प्रधान के बेटे कमलेश को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पीपर गांव निवासी जैसलाल सरोज घर के सामने लगे सरकारी हैंडपंप का पाइप बदलवाने के लिए प्रधान रामनायक यादव से पाइप की मांग की थी। सोमवार की सुबह उसे प्रधान ने फोन करके घर पर पाइप देने के लिए बुलाया था। मृतक जैसलाल के बेटे संतोष ने बताया कि प्रधान और पिता के बीच हुई कहासुनी के बाद से आक्रोशित प्रधान के बेटे कमलेश ने घर में रखे पेट्रोल से पिता को जला दिया। वहां मौजूद लोगों ने कंबल ओढ़ाकर उसे बचाया। इसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित परिवार को डीएम-एसपी ने न्याय का भरोसा दिलाया है।

जौनपुर समाचार

युवक साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

सिरकोनी। जफराबाद थानाक्षेत्र के बैजाबाद गांव में मंगलवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अपनी पत्नी की मौत के सदमे से जूझ रहे 30 वर्षीय युवक सूरज चौहान ने घर में लगे पंखे से पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह कमरे में शव लटकता देख परिजन हैरत में पड़ गए। सूरज की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी और वह पत्नी के साथ मुंबई में रहकर कमाता था। दो महीने पहले उसकी पत्नी ने अज्ञात कारणों से मुंबई में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी थी। पत्नी के अंतिम संस्कार के बाद से सूरज काफी परेशान और गुमसुम रहने लगा था और मुंबई से अपने पैतृक गांव बैजाबाद लौट आया था। सोमवार की रात सूरज खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था।

बलिया समाचार

बुझने लगे चूल्हे, गोदामों पर कतार, एक घंटे में खत्म हो गया सिलिंडर का स्टॉक

बलिया। घरेलू गैस का संकट गहराने लगा है। बुकिंग के लिए एजेंसी व सिलिंडर लेने के लिए गोदामों पर मंगलवार की सुबह उपभोक्ताओं की लाइन लग रही है। व्यावसायिक सिलिंडर भी मिलने में परेशानी हो रही है। जिले में 555664 उपभोक्ता हैं। घरेलू गैस बुक करने के लिए एजेंसी व गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग रही है।

मंगलवार की सुबह भारत व इंडेन की एजेंसियों पर गैस सिलिंडर का स्टॉक एक घंटे में खत्म हो गया। दोपहर बाद भी लोग सिलिंडर लेकर कतार में इंतजार करते रहे। व्यावसायिक सिलिंडर पर रोक के कारण होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के सामने काफी दिक्कत खड़ी हो गई है। कई होटल व रेस्टोरेंटों में शादी विवाह व पार्टी की बुकिंग पहले से ही है। रेस्टोरेंट संचालक मोनू ने बताया कि सिलिंडर की दिक्कत है। कई एजेंसी संचालकों से संपर्क किया गया लेकिन आपूर्ति में असमर्थता जता रहे हैं। सबसे अधिक चिंता पार्टी बुकिंग की है। बुकिंग नहीं हुई तो आयोजक भी परेशान होंगे। ऑनलाइन बुकिंग में भी दिक्कत, सर्वर हो रहा फेल: गैस बुकिंग की व्यवस्था ऑनलाइन है। लेकिन सर्वर फेल होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गाजीपुर समाचार

सैन्य सम्मान के साथ हरिकेश यादव को दी अंतिम विदाई

मनिहारी। शादियाबाद क्षेत्र के शाहपुर शमशेरखा गांव निवासी सेना के जवान हरिकेश यादव का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जैसे ही उनके पैतृक आवास पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। तिरंगे में लिपटे बेटे का शव देखते ही मां, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के करुण क्रंदन से वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो उठीं।

सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ हरिकेश यादव को गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण और नवयुवक भारत माता की जय और शहीद हरिकेश यादव अमर रहें के नारों के साथ उनके घर पहुंच गए।

ऽजैसे ही ताबूत खोला गया और लोगों ने उनका चेहरा देखा, अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उनकी पत्नी मधु यादव का रो-रोकर बुरा हाल था।

गोरखपुर समाचार

झटका मशीन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

गोरखपुर। सिकरीगंज थाना इलाके के डढ़वा गांव में सोमवार को छुट्टा पशुओं को भगाने के लिए लगाई गई झटका मशीन के करेंट से मां-बेटे रीता देवी (45) और हिमांशु (16) की मौत हो गई। डढ़वा गांव निवासी दीनदयाल मौर्य ने मटर की फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर झटका मशीन का तार लगा रखा था। सोमवार को उनकी पत्नी और बेटा खेत के किनारे काम कर रहे थे। इसी दौरान झटका मशीन के तार में करंट से दोनों चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार, पहले हिमांशु करंट की चपेट में आया। उसे बचाने के लिए उसकी मां पहुंची तो वह भी चपेट में आ गई। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। हिमांशु कक्षा नौ का छात्र था। परिवार में उसकी एक बड़ी बहन रीतू (22), भाई हिमेश (20) व धर्मेश (14) हैं।

थाना प्रभारी आशीष तिवारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, हिमांशु प्रतिदिन रात में झटका मशीन के तार लगाता और अगले दिन सुबह उसे हटाता था। सोमवार को हिमांशु गलती से तार हटना भूल गया और अनजाने में करेंट की चपेट में आ गया। उसे बचाने दौड़ी मां भी करेंट की चपेट में आ गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। पिता दीनदयाल मौर्य, जो घर पर खेती का काम संभालते हैं, और बच्चे घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को महदेवा स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। हिमांशु परिवार में चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। हिमांशु इंटर कॉलेज बारीगांव में 9वीं कक्षा का छात्र था। परिवार पूरी तरह खेती पर निर्भर है और घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। थानाप्रभारी आशीष तिवारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। बिजली से चलने वाले तार खेतों में इस्तेमाल करना अत्यंत जोखिम भरा है। झटका मशीन में किसी खराबी के चलते ही हादसा हुआ है। इसका इस्तेमाल केवल प्रशिक्षित व्यक्ति की ओर से किया जाना चाहिए। बच्चों या बिना अनुभव वाले व्यक्तियों को पास नहीं आने देना चाहिए। करेंट के संपर्क में आने पर तुरंत घातक परिणाम हो सकते हैं। लोगों को जागरूक भी करना चाहिए।

आजमगढ़ समाचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

आजमगढ़। आजमगढ़–वाराणसी मार्ग पर मंगलवार को सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार बरदह थाना क्षेत्र के सरावा गांव निवासी जामवंती गौड़ (38) पत्नी रामनयन गौड़ दो दिन पहले गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में अपने पिता श्रीराम के घर एक शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे वह आजमगढ़–वाराणसी मार्ग पर सड़क पार कर रही थीं, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

चंदौली समाचार

अब मार्च के अंतिम सप्ताह तक चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

पीडीडीयू नगर। होली के बाद काम पर लौटने वालों के कारण ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने चल रही 14 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि को मार्च के अंतिम सप्ताह तक के लिए बढ़ा दिया है। अब ये ट्रेनें मार्च के अंतिम दिन तक चलेगी। इससे यात्रियों को आवागमन में आसानी होगी।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी-03293 पटना-नई दिल्ली स्पेशल 30 मार्च तक चलेगी। वहीं गाड़ी-03294 नई दिल्ली-पटना स्पेशल 31 मार्च तक रोजाना चलेगी। गाड़ी-03257 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल 29 मार्च तक हर रविवार को जबकि गाड़ी-03258 स्पेशल 30 मार्च तक हर सोमवार को चलेगी। गाड़ी-03697 शेखपुरा-आनंद विहार स्पेशल 30 मार्च तक हर सोमवार, मंगल, शुक्रवार एवं शनिवार को जबकि गाड़ी संख्या 03698 स्पेशल 31 मार्च तक मंगल, बुध, शनि एवं रविवार को चलेगी। गाड़ी-02397 शेखपुरा-आनंद विहार स्पेशल 29 मार्च तक हर रविवार जबकि गाड़ी-02398 स्पेशल 30 मार्च तक हर सोमवार को चलेगी। गाड़ी-01143 लोकमान्य तिलक-दानापुर स्पेशल 31 मार्च तक रोजाना और गाड़ी-01144 स्पेशल एक अप्रैल तक हर दिन चलेगी। गाड़ी-01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 31 मार्च तक रोजाना जबकि गाड़ी संख्या 01450 स्पेशल दो अप्रैल तक रोजाना चलेगी।

देवरिया समाचार

बरात से लौट रही कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

बरियारपुर। क्षेत्र के सोनूघाट-महुआनी मार्ग पर घटैला गाजी गांव स्थित सेमरहवा बाबा स्थान के पास सोमवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गई।

दोनों कुशीनगर जिले के हाटा क्षेत्र में गई एक बरात से घर लौट रहे थे। मंगलवार सुबह राहगीरों ने दुर्घटनाग्रस्त कार देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बरियारपुर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में मौत की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मंगलवार को शोक में बैकुंठपुर बाजार बंद रहा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत बरियारपुर के वार्ड नंबर-5 टोला जेठहंसी निवासी अतुल कुमार पांडेय उर्फ प्रिंस पांडेय (28) पुत्र स्व. मार्कंडेय पांडेय निवासी बैकुंठपुर बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाते थे।

मीरजापुर समाचार

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवरात्र मेले में यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत नाविको, वाहन पार्किंग धारको व नाई समाज के लोगों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज नवरात्र मेला में आने वाले श्रद्धालुओ के सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में नाव संचालको, वाहन स्टैण्ड मालिको, गोताखोरो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वाहन स्टैण्ड के ठेकेदार/प्रोपराइटर यह सुनिश्चित करेंगे कि वाहन स्टैण्डो पर रसीद काटने वाले अथवा अन्य कार्य हेतु लगाए गए कार्मिको का ड्रेस कोड निर्धारित कर ही वाहन स्टैण्ड पर कार्य करायेंगे। कोई भी वाहन स्टैण्ड नगर क्षेत्र में नगर पालिका एवं ग्रामीण क्षेत्र जिला पंचायत के अनुमति/लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन पार्किंग चलायेंगे। प्रत्येक वाहन पार्किंग पर स्पष्ट अक्षरो में बोर्ड पर प्रत्येक वाहन का रेट लिस्ट जो भी नगर पालिका द्वारा निर्धारित किया जाएग लिखा जाएगा। वाहन पार्किंग स्थलो पर आने वाले वाहन चालको के रूकने के साथ ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सफाई, पेयजल, शौचालय व सुरक्षा की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने नाई समाज को भी निर्देशित करते हुए कहा कि मुंडन के लिए मुंडन कैम्प/स्थल के पास तथा अन्य स्थलो पर रेट लिस्ट निर्धारित कर उसे चस्पा किया जाए ताकि ओवररेटिंग न हो सके एवं श्रद्धालुओ के साथ किसी तरह का विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। नाविको/नाव संचालको को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक नाव पर नाव संचालको के द्वारा नाव में लाइफ जैकेट, ट्यूब व रस्सी रखना अनिवार्य होगा तथा श्रद्धालुओ की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। नाव का संचालन निर्धारित सीमा तक ही किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गंगापार नाव का संचालन नही किया जाएगा।

सोनभद्र समाचार

राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र की ओर से 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राम सुलीन सिंह के निर्देश पर आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जाए। बताया गया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ सुलह योग्य प्री-लिटिगेशन मामलों में भी पक्षकारों को नोटिस जारी कर समझौते के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 एनआई एक्ट के मामले, छोटे अपराध, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, विद्युत एवं जल बिल, सेवा से जुड़े वेतन-भत्तों के विवाद, राजस्व वाद तथा अन्य सिविल मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक यादव, सिविल जज अमित कुमार-तृतीय, यादवेन्द्र सिंह, इंदू वर्मा, शिवेश राज जायसवाल, आकृति प्रकाश, अभिनव दुबे, यमुनाशंकर पांडेय आदि रहे। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल ने समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया और वहां विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में 42 वृद्धजन उपस्थित पाए गए। इसके बाद उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां चार नवजात शिशु पाए गए।

प्रयागराज समाचार

एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग भी मुश्किल, एजेंसियों के चक्कर काट रहे उपभोक्ता

प्रयागराज। पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध का असर अब घरों के चूल्हे तक पहुंच चुका है। एलपीजी सिलिंडर का दाम बढ़ने के बाद बुकिंग में भी समस्या आ रही है। लोगों को सिलिंडर के ऑनलाइन बुकिंग में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, गैस एजेंसियों कार्यालय से सर्वर न चलने की समस्या बताई जा रही है। जिन लोगों ने एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ने वाली तारीख यानी सात मार्च से एक या दो दिन पहले बुकिंग करवा ली थी, उन्हें बढ़े हुए दाम का संशोधित बिल तो मोबाइल पर मिल गया, लेकिन सिलिंडर की डिलीवरी आसानी से नहीं हो पा रही है। वो भी एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिन घरों में शादियां या अन्य कार्यक्रम हैं उनके परिजन, रेस्टोरेंट व होटल संचालक सिलिंडर के लिए परेशान हैं। वहीं, गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक प्लांट से ही सिलिंडर की कम सप्लाई हो रही है। नए नियमों के मुताबिक, घरेलू उपभोक्ताओं को सिलिंडर की सप्लाई में प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि व्यावसायिक सिलिंडर बहुत कम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नए नियम के तहत 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर उपलब्ध हो सकेगा। सिविल लाइंस में मेरा रेस्टोरेंट है। मंगलवार तक तो काम चल गया, लेकिन अब कॉमर्शियल सिलिंडर नहीं उपलब्ध हो रहा है। गैस एजेंसी की ओर से दो दिन बाद सिलिंडर दिए जाने की बात कही जा रही है। एलपीजी सिलिंडर की ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। गैस एजेंसी के कार्यालय में आकर पूछने पर सर्वर की दिक्कत बता रहे हैं। यदि एलपीजी सिलिंडर नहीं मिला तो कैसे काम चलेगा। एलपीजी सिलिंडर बुक किया तो डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) ही नहीं आया। इसके बिना सिलिंडर नहीं मिल सकेगा। गैस एजेंसी के कार्यालय में आकर पूछने पर सर्वर की दिक्कत बता रहे हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई कम हुई है। कॉमर्शियल सिलिंडर प्लांट से एजेंसी तक नहीं पहुंच रहे, लेकिन नए नियमों के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

लाइफ मंत्र

15 मार्च को रखा जाएगा पापमोचनी एकादशी व्रत, ऐसे करें भगवान विष्णु की पूजा, दूर होंगे जीवन के कष्ट

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। प्रत्येक महीने में दो एकादशी पड़ती हैं और इन दिनों भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत रखने का विशेष फल बताया गया है। मान्यता है कि एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

पंचांग के अनुसार, वर्ष 2026 में पापमोचनी एकादशी का व्रत 15 मार्च को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह एकादशी विशेष रूप से पापों से मुक्ति दिलाने वाली मानी जाती है। कहा जाता है कि इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने और व्रत रखने से व्यक्ति के जाने-अनजाने में किए गए पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

पापमोचनी एकादशी का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पापमोचनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। पौराणिक कथाओं में भी इस व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। कहा जाता है कि श्रद्धा और भक्ति के साथ इस व्रत को रखने से व्यक्ति को मानसिक शांति मिलती है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से बड़े से बड़े पाप भी समाप्त हो सकते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

पापमोचनी एकादशी पर ऐसे करें भगवान विष्णु की पूजा

पापमोचनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा विधि-विधान से करना अत्यंत शुभ माना जाता है। सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर के मंदिर या पूजा स्थल को अच्छी तरह साफ करें। भगवान विष्णु की प्रतिमा या तस्वीर के सामने दीपक जलाएं।

भगवान को पीले फूल, तुलसी दल, फल और नैवेद्य अर्पित करें।

इस दिन भगवान विष्णु का पंचामृत या दूध से अभिषेक करना शुभ माना जाता है।

'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करें।

विष्णु सहस्रनाम या श्रीहरि की आरती का पाठ करें। दिनभर व्रत रखकर भगवान विष्णु का ध्यान करें और शाम को विधिपूर्वक पूजा करें।

जरूरतमंद लोगों को अन्न, धन या वस्त्र का दान करें।

पापमोचनी एकादशी व्रत के दिन इन बातों का रखें ध्यान

पापमोचनी एकादशी के दिन कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक माना जाता है।

इस दिन सात्विक भोजन या फलाहार करें।

लहसुन, प्याज और तामसिक भोजन का सेवन न करें।

क्रोध, झूठ और नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए दिन बिताएं।

जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र या धन का दान करें।

पापमोचनी एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा करने और व्रत रखने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं, पापों का नाश होता है और व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

40 के बाद Women में Hormonal Changes से बढ़ा UTI? ये मैजिकल चाय Urine Leakage से देगी राहत

40 की उम्र के बाद हार्मोनल बदलाव के कारण महिलाओं में यूरिन लीकेज और यूटीआई की समस्या बढ़ जाती है, जिसके लिए एक खास हर्बल चाय फायदेमंद हो सकती है। धनिया, सौंफ, शतावरी और कैमोमाइल से बनी यह देसी चाय एस्ट्रोजन को बैलेंस कर पेल्विक मसल्स को मजबूत करती है और यूरिनरी इंफेक्शन से राहत दिलाती है। 40 की उम्र के बाद कई महिलाओं को यूटीआई की समस्या बार-बार होने लगती है। इसके साथ ही कुछ महिलाओं को पेशाब के रिसाव यानी यूरिन लीकेज की परेशानी भी महसूस होती है। दरअसल, इस उम्र में शरीर में हार्मोनल बदलाव तेजी से होते हैं, जो इन दिक्कतों की वजह बन सकते हैं। ऐसे में डाइटिशियन द्वारा बताई गई यह देसी हर्बल चाय इन समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित हो सकती है। गौरतलब है कि पेरिमेनोपॉज में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोंस ऊपर-नीचे हो जाते हैं। इस कारण से मूड स्विंग्स और कमजोरी सहित कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान कई महिलाओं को यूटीआई बार-बार हो जाता है, अक्सर यूरिन पर कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है और यूरिन लीकेज की दिक्कत हो जाती है। 40 की उम्र के बाद यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (UTI) को बढ़ना और यूरिन लीकेज जैसी परेशनियां एस्ट्रोजन के लेवल में कमी के कारण हो सकती हैं।

40 की उम्र में अक्सर यूटीआई और यूरिन लीकेज को कम कर सकती है ये देसी चाय

- हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया है कि 40 की उम्र के बाद यूरिन लीकेज और यूटीआई को कम करने में कीगल एक्सरसाइज के साथ ये हर्बल टी मदद कर सकती हैं। धनिए, सौंफ शतावरी और कैमोमाइल से बनने वाली ये हर्बल चाय आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है।
- धनिए के बीज नेचुरल ड्यूरेकिट की तरह काम करती है और पेशाब में जलन और यूटीआई को कम कर सकती है। इससे यूरिनरी इंफेक्शन कम होता है। दरअसल, शतावरी एस्ट्रोजन को बैलेंस करती है और पेल्विक मसल्स को मजबूत करती है। शतावरी, यूरिनरी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है।
- कैमोमाइल चाय ब्लैडर से जुड़ी परेशानियों को कम करने में सहायक मानी जाती है। वहीं सौंफ के बीज यूरिनरी ट्रैक्ट की मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद करते हैं। सौंफ हार्मोनल संतुलन बनाए रखने के साथ सूजन को भी घटाने में फायदेमंद होती है। इसके अलावा कैमोमाइल चाय नर्वस सिस्टम को शांत करके शरीर को आराम देने में भी मदद करती है।

कैसे बनाएं यह चाय?

- सबसे पहले बड़े गिलास पानी को पैन में डालें।
- इसके बाद इसमें 1 टीस्पून धनिए के बीज डालें।
- फिर इसमें 1 चम्मच सौंफ के बीज मिलाएं।
- अब इसमें 1 टुकड़ा शतावरी डालें।
- इसके बाद 1 चम्मच कैमोमाइल टी मिलाएं।
- इसे आधा रह जाने तक उबालें।
- इसे छान लें और 8-12 हफ्तों तक दिन में एक बार जरुर पिएं।

Irregular Periods का रामबाण इलाज, Lifestyle में करें ये 5 बदलाव, Hormone रहेंगे Fit

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

अनियमित पीरियड्स की समस्या हार्मोनल असंतुलन और खराब लाइफस्टाइल का संकेत है, जिसे आयुर्वेदिक उपायों से ठीक किया जा सकता है। सूर्य नमस्कार, सीड साइकिलिंग, और संतुलित आहार जैसे तरीके अपनाकर मासिक धर्म चक्र को प्राकृतिक रूप से नियमित किया जा सकता है।

हर महीने महिलाओं को पीरियड्स आना एक सामान्य प्रक्रिया है। ज्यादातर लड़कियों की परेशानी है अनियमित पीरियड्स। अक्सर होता है कि पीरियड्स एक हफ्ते तो कभी-कभी दस दिन डिले हो जाते हैं। पीरियड्स का कभी-कभार डिले होना बेशक नॉर्मल है, लेकिन अगर आपके पीरियड्स लगभग हर महीने डिले हो जाते हैं या आपकी साइकिल अनियमित ही है, तो इसको भूलकर भी इग्नोर न करें। यह आमतौर पर इस बात का इशारा करता है कि आपकी डाइट, लाइफस्टाइल और हार्मोन्स में कुछ गड़बड़ी है। असल में पीरियड्स आपकी हार्मोनल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड होते हैं। आइए आपको इस लेख में बताते हैं पीरियड्स के नियमित करने के टिप्स।

सूर्य नमस्कार

अपनी सुबह की शुरुआत सूर्य नमस्कार के साथ जरुर करें। इसकी शुरुआत में 3-4 राउंड करें और फिर धीरे-धीरे 12 राउंड तक करें। इससे पेल्विक ऑर्गन्स में सर्कुलेशन बढ़ता है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इसके अलावा, हार्मोनल रिदम को बैलेंस करने में भी सूर्य नमस्कार फायदेमंद माना जाता है।

12 घंटे की फास्टिंग करें

रात के खाने और सुबह के नाश्ते के बीच कम से कम 12 घंटे का अंतर रखना फायदेमंद माना जाता है। जैसे अगर आपने रात का खाना 8 बजे खाया है, तो अगला नाश्ता सुबह करीब 8 बजे करें। ऐसा करने से शरीर में इंसुलिन का स्तर संतुलित रहता है और शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक यानी सर्कैडियन रिदम भी सही ढंग से काम करती है। ये दोनों ही कारक पीरियड साइकिल को नियमित बनाए रखने में मददगार होते हैं।

रात को 11 बजे से पहले सो जाएं

हार्मोनल रिपेयर और डिटॉक्सिफिकेशन के लिए गहरी नींद बहुत जरुरी है। देर रात तक जागने से पीरियड साइकिल इंबैलेंस होती है। इसलिए रात 10-11 बजे के बीच सोने की कोशिश करें।

न्यूट्रिशन से भरपूर खाना खाएं

आयुर्वेद में बताया गया है कि डाइजेशन का मजबूत होना हार्मोंस को बैलेंस करता है, इसलिए घर का बना ताजा खाएं और प्रोसेस्ड फूड्स को अवॉइड करें। इसके अलावा, ठंडे और पैकेज्ड फूड को भी बिल्कुल न खाएं। क्योंकि इनसे पाचन खराब होता है।

सीड साइकिलिंग

मेंस्ट्रुल साइकिल चक्र के विभिन्न चरणों के अनुसार सीड साइकिलिंग करना काफी लाभकारी माना जाता है। यह प्रक्रिया शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे जरूरी हार्मोन को संतुलित रखने में मदद करती है।

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
Govt Regd. Estd, 1948
डॉ. राना
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

आपकी Skin दे रही है Thyroid-Cholesterol का Warning? इन संकेतों को पहचानें

आपकी त्वचा शरीर में पनप रही गंभीर बीमारियों का संकेत दे सकती है, जिन्हें समय पर समझना जरूरी है। आंखों के नीचे काले घेरे आयरन की कमी, पतली आईब्रो थायराइड और पीले पैच बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का इशारा हो सकते हैं, जिन्हें पहचानकर आप गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को रोक सकते हैं।

हमारे शरीर में किसी भी तरह की गड़बड़ की शुरुआत होती है, तो उसके लक्षण धीरे-धीरे नजर आने लगते हैं। जब हम इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, तो शरीर में पनप रही ये गड़बड़ धीरे-धीरे गंभीर बीमारी में बदलने लगती है। इसलिए अपने शरीर का खास ख्याल रखना काफी जरुरी है। यदि आपका पाचन खराब रहता है, भूख कम लगती हैं, अचानक से वजन कम होने लगे या फिर बहुत अधिक कमजोरी महसूस होती है, इस बात का संकेत है कि शरीर में किसी न किसी गड़बड़ की शुरुआत हो चुकी है। कई बार शरीर में होने वाली बीमारियों के संकेत हमारी त्वचा और आंखों पर भी दिखाई देने लगते हैं। त्वचा के बदलाव यह इशारा कर सकते हैं कि शरीर के अंदर कोई गंभीर समस्या विकसित हो रही है। आइए जानते है एक्सपर्ट से कि स्किन किस तरह इन बीमारियों के बारे में संकेत देती है।

स्किन से जुड़े ये इशारे समझना सभी के लिए है जरूरी

- यदि आपके बालों के बीच की रेखा पतली होती जा रही है, तो बाल लगाताक झड़ रहे हैं, तो ये हार्मोनल इंबैलेंस का एक संकेत हो सकता है। ऐसा डायहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन (DHT) के बढ़ने के कारण हो सकता है।
- आंखों के नीचे काले घेरे हो रहे हैं और ये बढ़ते ही जा रहे हैं, तो आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कई बार नींद पूरी न होने के कारण होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह आयरन की कमी का कारण हो सकता है।
- अचानक से आपके आईब्रो के बाल पतले होते जा रहे हैं, तो इस पर ध्यान देना काफी जरुरी है। यह थायराइड हार्मोन के इंबैलेंस के कारण हो सकता है।
- अगर आपके आंखों के आस-पास पीले पैच पड़ रहे हैं, तो आपको अपने कोलेस्ट्रोल लेवल पर ध्यान देने की जरुरत है क्योंकि ऐसा शरीर में कोलेस्ट्रॉल स्तर बढ़ने के कारण होता है। इसलिए आपको एक बार लिपिड प्रोफाइल टेस्ट जरुर करवाना चाहिए।
- इसके अलावा, गालों पर पिग्नेंटेशन या झाइयां शरीर में एस्ट्रोजन लेवल के बढ़ने के कारण हो सकती है। महिलाओं के चेहरे पर अनचाहे बाल भी शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस की तरफ इशारा करती है। इसका सीधा अर्थ है कि आपके शरीर में टेस्टेस्टेरोन की मात्रा अधिक है। स्किन में क्रैक या हल्की दरारे नजर आना इस बात का इशारा है कि आपके शरीर में विटामिन-बी12 लेवल बहुत कम है। इसके अलावा, रुखापना, ओमेगा-3 की कमी का संकेत है।
- यदि आपके चेहरे पर एक्ने हैं, तो जिंक की कमी का संकेत हो सकता है। आपको जिंक से भरपूर चीजों को डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए।

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ